कांवड़ यात्रा भंवर सेन से पवित्र जल लेकर हजारों कांवड़िए पहुंचे गोदावल धाम

हर-हर महादेव से गूंजा ब्यौहारी, शिवभक्ति में डूबा पूरा नगर

नवभारत, ब्यौहारी। सावन के पावन सोमवार को ब्यौहारी नगर में आस्था और भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा शहर शिवमय हो गया। सड़कों पर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे। हाथों में सजी कांवड़, डीजे पर गूंजते भक्ति गीत और भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी ने नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय कर दिया। प्रत्येक वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सीधी जिले के भंवर सेन से हजारों शिवभक्त पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा के रूप में ब्यौहारी पहुंचे। कांवड़ियों ने गोदावल धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का पवित्र जल से अभिषेक किया। यात्रा के साथ निकाली गई भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। झांकी के दर्शन के लिए नगर में जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ती रही। कांवड़ यात्रा

के ब्यौहारी नगर में प्रवेश करते ही मौसम भी जैसे शिवभक्ति में रंग गया।

बारिश से भी कम नहीं हुआ कावड़ियों का उत्साह

झमाझम बारिश के बीच भी कांवड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ। बारिश की बूंदों के बीच शिवभक्त हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे। कांवड़ियों के स्वागत के लिए नगरवासियों ने जगह-जगह व्यवस्था की थी। जैसे ही कांवड़िए नगर की सड़कों से गुजरे, लोगों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। फूलों की बारिश और गूंजते जयकारों के बीच पूरा वातावरण श्रद्धा और उत्साह से भर उठा।

भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कांवड़ यात्रा के अवसर पर गोदावल धाम में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कांवड़ियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन से जुड़े लोगों ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। भव्य झांकी, झमाझम बारिश बीच कांवड़ियों का उत्साह, नगर में हुई पुष्पवर्षा, जगह-जगह सेवा और गोदावल धाम में उमड़ा आस्था का सैलाबकृइन सभी दृश्यों ने ब्यौहारी में सावन की भक्ति का अद्भुत नजारा प्रस्तुत किया। पूरे नगर में दिनभर एक ही जयघोष सुनाई देता रहा।

सेवा में जुटा नगर, जगह-जगह जलपान

कांवड़ियों की सेवा के लिए नगर में जगह-जगह पेयजल, प्रसाद और जलपान की व्यवस्था की गई। बारिश के बावजूद स्थानीय लोग सेवा भाव से कांवड़ियों के स्वागत और सत्कार में जुटे रहे। कहीं पानी पिलाया गया तो कहीं प्रसाद और जलपान वितरित किया गया। श्रद्धा और सेवा के इस संगम ने नगर में भाईचारे और धार्मिक एकता की मिसाल पेश की। कांवड़ यात्रा के गोदावल धाम पहुंचते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का पवित्र जल से अभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। जलाभिषेक के दौरान पूरा गोदावल धाम हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा।

धनपुरी में गूंजा हर-हर महादेव भक्तिमय हुआ शहर

नवभारत,धनपुरी। सावन के पावन महीने में धनपुरी नगरी पूरी तरह भगवान शिव की भक्ति में सराबोर नजर आई। चारों ओर 'हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। शिवभक्तों की आस्था, उत्साह और श्रद्धा का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला कि पूरा शहर मानो शिवमय हो गया। कावड़ यात्रा की शुरुआत जगत जननी मां जगदंबे ज्वालामुखी मंदिर से की गई। हाथों में कावड़, मन में भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था और जुबां पर 'बोल बम' का जयघोष लिए शिवभक्त यात्रा में शामिल होने के लिए उत्साहित दिखाई दिए। हल्की धूप और छांव के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में भक्त नंगे पैर कावड़ लेकर यात्रा में आगे बढ़ते रहे।

कावड़ियों पर पुष्पवर्षा-कावड़ यात्रा जिस-जिस मार्ग से गुजरी, वहां श्रद्धालुओं का स्वागत करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घरों की छतों और दुकानों के बाहर खड़े लोग कावड़ यात्रा के भव्य दृश्य को देखने के साथ ही शिवभक्तों का स्वागत करते नजर आए। जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई और कावड़ यात्रियों को ठंडा पेयजल पिलाकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

नर्मदा जल लेकर निकले शिवभक्त-इस कावड़ यात्रा की विशेषता यह रही कि अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लाया गया था। इसी पवित्र जल को कावड़ में लेकर शिवभक्त यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा आस्था और विश्वास का एक जीवान्त उदाहरण था। ज्वालामुखी मंदिर से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा सुप्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। यहां भगवान शिव का पवित्र नर्मदा जल से अभिषेक किया गया।

स्वागत के लिए उमड़ पड़ा जनसैलाब-धनपुरी में निकली इस भव्य कावड़ यात्रा का स्वागत करने के लिए शहर के प्रत्येक मार्ग पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। ज्वालामुखी मंदिर से जैसे ही यात्रा प्रारंभ हुई, रास्ते में जगह-जगह लोगों ने श्रद्धापूर्वक शिवभक्तों का स्वागत किया।

शिवलिंग निर्माण और शिव महापुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धा - सावन के पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर में सवा लाख शिवलिंग निर्माण के संकल्प के साथ शिव महापुराण कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। आयोजन के पहले ही दिन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सवा लाख शिवलिंग निर्माण को लेकर धनपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचते हैं। वहीं शाम 4 बजे से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।

एक नजर में

शारदा संत ने नीट में मारी बाजी

नवभारत, शहडोल। महर्षि विद्या मंदिर, शहडोल की छात्रा शारदा संत ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट 2026) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 523 अंक हासिल किए हैं। छात्रा ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के बल पर यह सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं शहडोल संभाग का नाम रोशन किया है। शारदा संत पिता संतोष कुमार संत एवं माता साधना संत की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी सहित समस्त विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रा को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

2.60 लाख लेकर जमीन की रजिस्ट्री पर 'ताला'!

नवभारत,धनपुरी। जमीन की खरीद-फरोख्त विश्वास और कानूनी दस्तावेजों की नींव पर टिकी होती है, लेकिन जब सौदा होने, रकम चुकाने और वर्षों बीत जाने के बाद भी रजिस्ट्री का अधिकार अधर में लटका रहे, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। आखिर खरीदार अपने हक के लिए कब तक दर-दर भटकेगा? धनपुरी थाना क्षेत्र में जमीन के एक पुराने सौदे को लेकर ऐसा ही गंभीर मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता श्रीराम द्विवेदी, निवासी धनपुरी वार्ड क्रमांक 21, ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उन्होंने ग्राम धनपुरी स्थित आराजी खसरा नंबर 1606/4/1, रकबा 0.202 हेक्टेयर, में से लगभग 0.11 एकड़ भूमि का सौदा वर्ष 2019 में श्रीमती रोशनी वारंदानी, पति सुरेश वारंदानी, निवासी बुढ़ार से तय किया था। शिकायत के अनुसार, सौदे के बाद विक्रय संबंधी लिखापढ़ी स्टाम्प पेपर पर की गई तथा जमीन की पूरी सौदा राशि 2 लाख 60 हजार रुपए विक्रेता को भुगतान कर दी गई। इसके बावजूद शिकायतकर्ता का आरोप है कि आज तक विक्रय-पत्र का विधिवत पंजीयन नहीं कराया गया। उनका कहना है कि वे कई बार विक्रेता से रजिस्ट्री कराने का आग्रह कर चुके हैं, लेकिन मामला लगातार टालमटोल की भंवर में उलझा हुआ है।

सागर मुनि महाराज के अवतरण दिवस पर मरीजों को बांटे फल

नवभारत,बुढ़ार । परम पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 शीतल सागर महाराज के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी प्रदीप जैन की पहल पर आयोजित इस सेवा कार्य में अस्पताल में उपचाररत मरीजों, अस्पताल स्टाफ एवं मरीजों के साथ मौजूद अटेंडरों को फल वितरित किए गए।

प्रदीप जैन ने कहा कि संतों के अवतरण दिवस जैसे पावन अवसर को सेवा और परोपकार से जोड़ना

ही उनके बताए मार्ग पर चलने का सार्थक प्रयास है। जरूरतमंदों और मरीजों की सेवा को उन्होंने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से लोगों में परस्पर सहयोग और मानवता की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में सौरभ जैन एडवोकेट, अरविंद जैन (बाजा), संजय जैन एवं गौरव बैसाखिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार के बीएमओ सचिन कारखुर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविनाश, नेत्र विशेषज्ञ आरके त्रिवेदी, लैब टेक्नीशियन महेश हेला सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ट्रक मालिक एसोसिएशन ने एडीजीपी से की शिकायत

डीजल चोरी के आरोपों पर एफआईआर की मांग

नवभारत, शहडोल। डीजल चोरी के आरोपों और ट्रक ड्राइवर से मारपीट के मामले को लेकर शहडोल ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शहडोल रेंज से शिकायत कर मामले में एफआईआर दर्ज कराने और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि डीजल चोरी के मामले में कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, ड्राइवर से मारपीट के मामले में ड्राइवरों द्वारा भी पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की

मांग की गई थी। कार्रवाई नहीं होने पर ड्राइवरों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। एसोसिएशन की शिकायत के अनुसार अमलाई थाना क्षेत्र में ट्रकों से डीजल चोरी की घटनाओं को लेकर वाहन मालिकों में नाराजगी है। इस संबंध में 3 अगस्त 2026 को थाना अमलाई में शिकायत दिए जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है। एसोसिएशन ने मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सीसीटीवी फुटेज से जांच की मांग

शिकायत में अमलाई क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज का भी उल्लेख किया गया है। एसोसिएशन का कहना है कि डीजल चोरी की घटना से संबंधित फुटेज उपलब्ध है, जिसे सुरक्षित कर जांच में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि घटना में शामिल लोगों की पहचान हो सके।

ड्राइवर से मारपीट के बाद बढ़ा विवाद

मामले में ट्रक ड्राइवर से मारपीट का आरोप भी सामने आया था। ड्राइवरों की ओर से भी संबंधित घटना को लेकर पुलिस में शिकायत की गई थी। ड्राइवरों का कहना था कि उनके साथ मारपीट की घटना पर कार्रवाई की जाए। शिकायत पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में ड्राइवरों ने आंदोलन करने की चेतावनी भी दी थी। इससे मामला और तूल पकड़ गया।

स्थायी एसडीएम कोर्ट के लिए सांसद हिमाद्री सिंह की पहल

वकीलों की मांग के बाद मुख्यमंत्री को पत्र, मुख्य सचिव से भी की बात

नवभारत, शहडोल। बुढ़ार में स्थायी एसडीएम कोर्ट एवं कार्यालय की स्थापना की मांग अब तेज होती नजर आ रही है। क्षेत्र में उठ रही जनभावना और अधिवक्ताओं के आंदोलन के बीच शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने इस मामले में पहल करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है।

सांसद ने बुढ़ार में स्थायी

एसडीएम कोर्ट की स्थापना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने प्रदेश के मुख्य सचिव अशोक बरनवाल से दूरभाष पर चर्चा कर मामले में शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया है। सांसद ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि बुढ़ार शहडोल जिले का घनी आबादी वाला प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है। बुढ़ार से जुड़े आसपास के अनेक छोटे-बड़े गांवों के लोग राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और आमजन की सुविधा को देखते हुए पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा बुढ़ार में अस्थायी रूप से एसडीएम की पदस्थापना की गई थी, लेकिन बाद में यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई।

अधिवक्ताओं ने भी उठाई आवाज

बुढ़ार में एसडीएम कोर्ट की मांग को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा भी लगातार आवाज उठाई जा रही है। विगत दिनों अधिवक्ताओं ने लॉलिपॉप दिखाकर विरोध जताया था और जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी के निवास पर 'एसडीएम कोर्ट लौटा दो' के पोस्टर चिपकाए थे। अधिवक्ताओं ने कोर्ट की बहाली नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद यह मुद्दा क्षेत्र में और अधिक चर्चा में आ गया।

कीचड़ और गड्ढों से ग्रामीण परेशान, आवागमन में हो रही परेशानी

गोहपारू, शहडोल। ग्राम पंचायत पैलवाह के वार्ड नंबर 3 में सड़क की हालत खराब होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड में यह समस्या आए दिन बनी रहती है। सड़क पर पानी जमा होने और कीचड़ के कारण दो पहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी आने-जाने में परेशानी हो रही है। स्थिति यह है कि लोगों को कीचड़ से होकर ही अपने घरों तक पहुंचना पड़ रहा है।

निराकरण की मांग

ग्रामीणों ने संबंधित पंचायत अधिकारियों से सड़क की समस्या का जल्द निराकरण कराने तथा सड़क पर आवश्यक मरम्मत एवं समतलीकरण कार्य कराने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान आवागमन सुचारु हो सके।

ट्रेलर की चपेट में आया बाइक सवार, मौके पर मौत

गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

नवभारत, शहडोल। तेज रफ्तार ट्रेलर ने राजेंद्रा माइंस के पास बाइक सवार को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार का सिर बुरी तरह से कुचल गया जिससे वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटनास्थल के बाद ड्राइवर ट्रेलर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की, इस दौरान घंटों तक आवागमन बाधित रहा। मामला खैरहा थाना क्षेत्र के राजेंद्रा माइंस के पास का है। यहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मोहम्मद मकबूल, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम खैरहा, का सिर बुरी तरह कुचल गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

ट्रेलर छोड़कर भागा चालक

हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया सूचना पर खैरहा पुलिस, तहसीलदार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाईस देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क के दोनों ओर खड़े ट्रकों के कारण आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। इसी को लेकर गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग की।

भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जागरण का संकल्प बना व्यास पूजन उत्सव

नवभारत, शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में व्यास पूर्णिमा के अवसर पर व्यास पूजन उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा, भारतीय शिक्षा-दृष्टि और ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने पर मंथन हुआ। शिक्षा को संस्कार, चरित्र और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाने तथा विद्यार्थियों को भारतीय मूल्यों से जोड़ने पर वक्ताओं ने जोर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल

भारतीय महामंत्री प्रो. भरत शरण सिंह रहे। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री श्री दयाशंकर मिश्रा रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन भारतीय शिक्षण मंडल के जिला संयोजक प्रो. महेंद्र भटनागर ने किया।

शिक्षा करती है चरित्र निर्माण

प्रो. भरत शरण सिंह ने कहा कि भारतीय शिक्षा परंपरा ने शिक्षा को केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि मनुष्य, चरित्र और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया माना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, इतिहास और मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि गुरु केवल पुस्तकीय ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि जीवन की सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है। विद्यार्थियों को सूचना का उपभोक्ता बनने के बजाय ज्ञान का साधक बनने का प्रयास करना चाहिए।

बैठक ग्राम पंचायत से बूथ तक संगठन की पड़ताल, प्रभारी त्रिभुवन प्रताप सिंह ने दिखाए सख्त तेवर

कांग्रेस में संगठन की सर्जरी, अभद्रता करने वालों की खैर नहीं

नवभारत, ब्यौहारी। कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को अनुशासन की कसौटी पर कसने की कवायद तेज हो गई है। विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी-83 में संगठन के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय रेस्ट हाउस में हुई महत्वपूर्ण बैठक में प्रभारी त्रिभुवन प्रताप सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दो टूक संदेश दिया कि पार्टी अनुशासन से खिलवाड़ अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों, मंडलम अध्यक्षों तथा ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों और उनकी कार्यकारिणियों का सत्यापन किया गया। बैठक की

अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी के अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी 'पिंटू' ने की।

सोशल मीडिया पर 'बयानबाजी' तो होगी कार्रवाई

बैठक का सबसे चर्चित मुद्दा सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के खिलाफ की जाने वाली कथित अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां रहीं। प्रभारी त्रिभुवन प्रताप सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी, वरिष्ठ नेताओं या कांग्रेस पदाधिकारियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अनुशासनहीन टिप्पणी करने वालों के खिलाफ तत्काल संगठनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई में किसी के पद, कद या प्रभाव का लिहाज नहीं किया जाएगा। बड़ा पदाधिकारी हो या सामान्य कार्यकर्ता अनुशासन की सीमा लांघी तो कार्रवाई तय है।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव विनोद ताम्रकार, जनपद सदस्य हरेंद्र सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़वा के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह, करकी के अध्यक्ष रामलखन सिंह, पपोंध के अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, अमझोर के अध्यक्ष अनिल पटेल, जिला महामंत्री सुंदरलाल गुप्ता, मंडलम अध्यक्ष विनय द्विवेदी, श्रीकांत पांडे, बाबूलाल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अनुशासन और सक्रियता बढ़ाने में अहम कदम

प्रभारी ने ब्लॉक एवं मंडलम अध्यक्षों से संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाने और कांग्रेस की विचारधारा एवं जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में दिए गए सख्त संदेश के बाद राजनीतिक हलकों में इसे संगठन के भीतर अनुशासन और सक्रियता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पंचायत स्तर से लेकर बूथ तक संगठन की वास्तविक स्थिति का सत्यापन होने के बाद आने वाले दिनों में कई स्तरों पर बदलाव और नई जिम्मेदारियां देखने को मिल सकती हैं।

शराब कारोबारियों की दबंगई चरम पर, आबकारी विभाग पर सवाल

नवभारत, शहडोल। जिले में शराब कारोबार को लेकर लगातार सामने आ रही शिकायतों ने अब गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नए शराब ठेकेदार के कारोबार संभालने के बाद ओवररेटिंग, पैकारी, ग्राहकों से अभद्रता और मारपीट के आरोप लगातार सामने आने की बात कही जा रही है। शनिवार रात सामने आई एक घटना ने शराब दुकानों पर कथित दबंगई की तस्वीर को और गंभीर बना दिया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात एक युवक मीरा लक्ष्मी एग्रो स्टेट प्राइवेट लिमिटेड की बुढ़ार रोड स्थित दुकान क्रमांक-1 पर शराब खरीदने पहुंचा था। युवक का आरोप है कि शराब की बोतल मांगने पर दुकान के सेल्समैन ने उसके साथ अभद्रता की और कथित तौर पर उसकी आर्थिक स्थिति को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। युवक के विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान दुकान के अंदर से 3-4 लोग बाहर आए और बेसबॉल बैट से युवक पर हमला कर दिया। हमले से बचने के लिए युवक ने हाथ

ऊपर किया, जिससे उसके हाथ में चोट आई। घटना ने शराब दुकानों के संचालन और वहां ग्राहकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शराब खरीदने पहुंचे ग्राहक के साथ कथित मारपीट की घटना यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या शराब दुकानों पर ग्राहकों के साथ इसी तरह व्यवहार किया जाएगा? स्थानीय स्तर पर शराब की दुकानों को लेकर प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर शराब बेचने और पैकारी जैसे आरोप भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं।

गांव-गांव पैकारी का भी आरोप

सूत्रों के हवाले से यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि शराब की खपत बढ़ाने के लिए कथित रूप से गांव-गांव पैकारी को बढ़ावा दिया जा रहा है और किराना दुकानों सहित अन्य स्थानों से शराब की बिक्री कराए जाने की शिकायतें हैं। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल आबकारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि जिले में अवैध शराब बिक्री पर निगरानी की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

आबकारी विभाग कब जागेगा?

सबसे बड़ा सवाल अब यह है कि शराब दुकानों पर कथित ओवररेटिंग, पैकारी और ग्राहकों से मारपीट की शिकायतों पर जिम्मेदार विभाग कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है। एक तरफ सरकार राजस्व और आबकारी व्यवस्था को लेकर सख्त नियमों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर यदि शराब दुकानों पर ग्राहकों के साथ मारपीट और मनमानी के आरोप सामने आ रहे हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब देखना होगा कि इस घटना की निष्पक्ष जांच होती है या फिर शराब कारोबार के रसूख के आगे मामला भी दबकर रह जाएगा।